RAJYA SABHA

Wetlnesday. the 18th August, 1993/27 Sravana. 19/5 (Saka)

The House met at eleven of Ihe clock. MR-CHAIRMAN in the Chair.

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

Communal Riots

*301 SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEMAFZAL.. Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) the number of incidents of communal riots that took place in the country from 1st June, 1991 till date. State-wise;

(b) the number of persons killed, rendered homeless and became physically handicapped in those incidents; State-wise; and

(c) the number of persons arrested in this regard ?

THE MINISTER OF STATE IN TOE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI RAJESH PILOT). (a) to (c) A statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) to (c) As maintenance of Public Order is a State subject, included in List II of the Seventh Schedule to the Constitution, no *data regarding* incidents of communal riots, number of persons killed, rendered homeless, handicapped, arrested etc. in communal riots is maintained by the Central Government. However, on the basis of the information made available by 19 States/UTs, a statement indicating the number of incidents of communal riots which took place from 1st June, 1991 to July, 1993, the number of persons killed, rendered homeless and became physically handicapped as also the number of persons arrested is given at Annexure-I.

ANNEXURE I

Nunber of communal incidents. No. of persons killed. No. of persons handicapped, rendered homeless and No. of persons arrested from 1-6-1991 to 31-7-1993.

S. No.	Name of State/UT	No. of communal riots/ incidents	No. of persons killed	No. of persons handicapped	No. of persons rendered homeless	No. of persons arrested
1	2	3	4	5	6	7
1.	Andhra Predesh	205	37	2	Nil	2656
2.	Assam (up to Jan., 93)	416	97	N. A.	N. A.	946
3.	Bihar	15	104	N. A.	N. A.	1837
4.	Gujarat	269	518	N. A.	N. A.	N. A.
5.	Haryana (up to Jan., 93)	2	1	N. A.	N. A.	482
6.	J&K (up to March, 93)	44	10	N. A.	N. A.	N. A.
7.	Karnataka	31	119	N. A.	N. A.	4553
8.	Kerala (up to Jan., 93)	4	28	N. A.	N. A.	816
9.	Maharashtra (up to Jan., 93)	N. A.	844	N. A.	N. A.	N. A.
10.	Manipur	1	100	Nil	N. A.	378
11.	Madhya Pradesh	16	174	11	N. A.	N. A.
12.	Orissa	4	4	Nil	Nil	522
13.	Rajasthan (up to Jan., 93)	133	58	N. A.	N. A.	491
14.	Tamil Nadu	N. A.	11	1	22	2594
15.	Delhi	10	27	N. A.	N. A	561

16.	Nagaland	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil
17.	Punjab	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil
18.	Andaman & Nicobar Islands	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil
19.	Chandigarh	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil

Note : N. A. = Not available

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल : सर, पहला सप्लीमेंटरी पूछने से पहले मैं एक व्यवस्था का सवाल पूछना चाहता हूं कि मैंने यह मालूम किया था कि 1 जून, 1991 से लेकर जुलाई, 93 तक पूरे मुल्क में कितने फिरकावाराना फसादात हुए हैं, कितने लोग बेघर हुए हैं, कितने लोग अपाहिज हुए हैं, कितने लोग मारे गए हैं और कितनी गिरफ्तारियां की गयी हैं ? सर, सवाल के जवाब में आप देखेंगे कि इसमें उत्तर प्रदेश जैसी बड़ी रियासत के संबंध में कोई इंफोर्मेशन नहीं दी गयी है, इसके अंदर हिमाचल की कोई इंफोर्मेशन नहीं है, इसके अंदर महाराष्ट्र जहां कि बहुत ही भयानक फसादात हुए हैं, उसके बारे में नहीं बताया गया है कि कितने फसादात हुए हैं मरनेवालों की तादाद दी है, लेकिन गिरफ्तारियों के बारे में कोई रिपोर्ट नहीं है। सर, हरियाणा के बारे में मुझे लगता है मरनेवालों की फिगर गलत दी गयी है। सर, फसादात की संख्या के हिसाब से आसाम के अंदर तो सबसे ज्यादा फसादात हुए हैं, लेकिन गुजरात जहां कि दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा 269 फसादात हुए हैं, वहां गिरफ्तारियों की कोई संख्या नहीं दी गयी है। इस तरह सर, जब जवाब मुकम्मल नहीं है तो मैं सप्लीमेंटरी कैसे करूं ? सर, मैं आपका प्रोटेक्शन चाहता हूं। सर, जबकि फिरकावाराना फसादात से आज पूरा मुल्क जूझ रहा है और उन फसादात के ताल्लुक से स्टेट्स का यह हाल है कि वह अपने पास फिगर्स तक नहीं रखती है, तो इस मुल्क में सवाल पूछने का और पार्लियामेंट में खड़े होकर बोलने का मकसद क्या है ?

†[شری محمد افضل عرف م افضل :۔

دوسرا پہلا سپلیمنٹری پوچھنے سے پہلے میں ایک ویوستھا کا سوال پوچھنا چاہتا ہوں کہ میں نے یہ معلوم کیا تھا کہ جون ۱۹۹۱ء سے لے کر جولائی ۱۹۹۳ء تک ملک میں کتنے فرقہ وارانہ فسات ہوئے ہیں۔ کتنے لوگ بے گھر ہوئے ہیں۔ کتنے لوگ اپاہج ہوئے ہیں ۔ کتنے لوگ مارے گئے ہیں اور کتنی گرفتاریاں کی گئی ہیں ۔ سر سوال کے جواب میں آپ دیکھیں گے کہ اس میں اتر پردیش جیسی بڑی ریاست کے سمبندھ میں کوئی انفارمیشن نہیں دی گئی ہے ۔ اس کے اندر ہماچل کی کوئی انفارمیشن نہیں ہے ۔ اس کے اندر مہاراشٹر جہاں کہ بہت ہی بھیانک فسادات ہوئے ہیں اس کے بارے میں نہیں بتایا گیا ہے کہ کتنے فسادات ہوئے ہیں۔ مرنے والوں کی تعداد دی ہے لیکن گرفتاریوں کے بارے میں کوئی رپورٹ نہیں ہے ۔ سر ہریانہ کے بارے میں مجھے لگتا ہے کہ مرنے والوں کی فیگر غلط دی گئی ہے ۔ سر فسادات کی سنکھیا کے حساب سے آسام کے اندر تو سب سے زیادہ فسادات ہوئے ۔ لیکن گجرات جہاں کہ دوسرے نمبر پر سب سے زیادہ ۲۶۹ فسادات ہوئے ہیں وہاں گرفتاریوں کی کوئی سنکھیا نہیں دی گئی ہے ۔

اس طرح سر ۔ جب جواب مکمل نہیں ہے تو میں سپلیمنٹری کیسے کروں ۔ سر ۔ میں آپ کا پروٹیکشن چاہتا ہوں ۔ سر ۔ جب کہ فرقہ وارانہ فسادات

سے آج پورا ملک جوجھ رہا ہے اور ان فسادات کے تعلق سے اسٹیٹ کا یہ حال ہے کہ وہ اپنے پاس فیگرس تک نہیں رکھتی ہیں تو اس ملک میں سوال پوچھنے کا اور پارلیمنٹ میں کھڑے ہوکر بولنے کا مقصد کیا ہے۔]

SHRI VIREN J SHAH: Sir, last time, you had directed the Minister to give full inforrmi-, tion. Unless information is there, supplementaries cannot be asked and the whole purpose of Question Hour gets totally defeated. *(Interruptions)*

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मौम अफजल : It is a Council of States और काउंसिल ऑफ स्टेट्स के अंदर अगर स्टेट्स हमको पूरी जानकारी नहीं देंगे और अगर हमारी मरकजी सरकार उनसे जानकारी लेने की पोजीशन में नहीं है तो हमारा पार्लियामेंट में कहने का फायदा क्या है ? हम किस तरह लोगों की समस्याएं उठा सकते हैं ?

†[شری محمد افضل عرف م۔ افضل : اور کاؤنسل آف اسٹیس کے اندر اگر اسٹیس ہم کو پوری جانکاری نہیں دیں گی اور اگر ہماری مرکزی سرکار ان سے جانکاری لینے کی پوزیشن میں نہیں ہے تو ہمارا پارلیمنٹ میں بیٹھنے کا فائدہ کیا ہے۔ ہم کس طرح لوگوں کے مسئلے اُٹھا سکتے ہیں۔]

SHRI VIREN J. SHAH , Sir, let the Minister reply first. Then the hon. Member can put a supplementary. (*Interruptions)*

MR. CHAIRMAN : You know the Minister has said that this is a State subject. He could not get information. . *(Interruptions).* I think he almost implied that the whole information is avaiiable...(Inrerruptions). Please listen to me *(Interruptions)*

SHRI DIGVUAY SINGH : Sir, the Ministers are saying that this is a State subject. Then why do they reply at all ? *(Interruptions).*

†[ ] Transliteration in Arabic Script

MR. CHAIRMAN: Please sit down. *(Interruptions).* Will you please sit down? The Minister is replying *(Interruptons)*

SHRI RAJESH PILOT: Sir, . totally agree with (he hon. Members and being in the Home Ministry, I had the same resenvat on. Frankly speaking, we had been telling the State Governments that Parliament Questions should be given the utmost import nce. Any information which the hon. Member wants to know should be given correctly. The icea is not just to ask a question for the sake of asking. The idea is to know what the realive of the subject is, what the reality of the matter is and the idea of asking questions is, the Government's functioning also gets geared up. That is the main idea of asking questions here. We have conveyed these feelings to the State Government and I totally share the feelings of the Members of Parliament and next time we will force the State Governments to give the correct figure but I need support from the Members that next time.. *(Interruptions).* . I need the support of the Members that next time. . *(Interruptions).* .

SHRI PRAMOD MAHAJAN : Not why are you not giving the figures?. . *(Interruptions)* . . Dont's give us a lecture . *(Interruptions)*

MR. CHAIRMAN : Allow the Minister to finish, please. *(Interruptions)*

SHRI PRAMOD MAHAJAN We know the purpose of asking questions. We know that . . *(Interruptions).* . .

SHRI RAJESH PILOT: I need support from the Members of our House. . *(Interruptions).* .

SHRI V NARAYANASAMY: The Minister can only collect the information. . *(Interruptions).* . .

MR CHAIRMAN : Please, let him explain the situation. . *(Interruptions).* . . (Are you prepared to listen to him ? . . *(Interruptions).* . .You must listen to what he is saying. No dialogue can be conducted without listening to what is being said.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN).: May I intervene in the matter, Sir?

MR. CHAIRMAN: Yes.

(SHRI S B. CHAVAN): What applies to the State Governments equally applies to ihe States which are under President's rule and if any officers have not responded positively in sending the information required by us, certainly we will take action against those officers and

this kind of informal ion will bo soul to the Governors. . .*(Interruptions)*

MR CHAIRMAN: Are you willing to ask supplementaries ?

SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAL: Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: Please do ask. . *(Interruptions)*

श्री विष्णुकान्त शास्त्री : यह क्या बात हुई ? ...(व्यवधान)...आप इसको स्थगित कर सकते हैं, अगले हफ़्ते ले सकते हैं । ...(व्यवधान)...

MR. CHAIRMAN : No. no: a supplementary is being asked. Please, let us go ahead with the business . . . *(Interruptions)* . .

DR. JINENDRA KUMAR JAIN : Sir. please allow me.

MR. CHAIRMAN : No, no; I am not having another discussion on this. . .*(Interruptions)*. . . I will call you, but first I have called Afzal . .. *(Interruptions)* . . .

SHRI VISHNU KANT SHASTRI: Sir. on a point of order. . .

MR CHAIRMAN: No point of order. . *(Interruptions)*. . .Shastriji, will you please sit down? There is no point of order. Will you please sit down ?.. */Interruptions)*... you want to defy all the rules.

श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ़ मीम अफ़ज़ल : चेयरमेन साहब, मैं आपके माध्यम से वजीरे दाखला साहब से यह पूछना चाहता हूं, तीनों वजीरे दाखला साहब यहां बैठे हुए हैं कि जिन-जिन स्टेट में फसादात हुए हैं, यह तो कम्युनल राइट की बात है, लेकिन इन कम्युनल राइट के चलते, बहुत सी जगहों पर पुलिस फायरिंग के अंदर, क्रासफ़ायरिंग पुलिस फायरिंग के अंदर भी लोग मारे गए हैं, तो क्या सरकार मर्कजी सरकार उन तमाम स्टेट से यह मालूम करेगी कि जितने लोग मारे गए हैं, उनमें, उनके नामों के साथ, किस-किस को कम्पनसेशन दिया गया है ? क्या यह सरकार उनसे पूछेगी ? प्रश्न "ए", और दूसरे, कि इसमें जो कुछ जगहों पर लिखा गया है, जैसे मणिपुर के बारे में मैं कह सकता हूं कि जब फसादात हुए तो लोग बेघर हुए वहां पर और हमारे पायलट साब खुद वहां तशरीफ ले गए थे, जबकि इसमें लिखा गया है कि इंफोरमेशन नोट एक्केलेबल । लोग होमलेस हुए हैं, खासतौर पर जो अयोध्या के अंदर 6 दिसंबर को हुआ उसमें अयोध्या के रहने वाले जो एक सौ कुछ घर थे मुसलमानों के वह लोग घर छोड़कर के भाग गए थे और वह आकर फैजाबाद के एक कैम्प के अंदर रह रहे थे । मैं जानना चाहता हूं कि सरकार इस सिलसिले में, जिन स्टेट ने अब तक इंफोरमेशन नहीं दी है उन स्टेट से इंफोरमेशन लेकर के, समापटल पर रखेगी ? और, यह जानकारी हासिल करेगी कि कंपनसेशन ठीक ढंग से दिया जा रहा है या नहीं दिया जा रहा है ? और, जिनको नहीं दिया गया है, उनको क्यों नहीं दिया है ? इसके बारे में क्या जानकारी हासिल करेगी ?

†[شری محمد افضل عرف م۔ افضل: چیرمین صاحب ۔ میں آپ کے مادھیم سے وزیر داخلہ صاحب سے یہ پوچھنا چاہتا ہوں ۔ تینوں وزیر داخلہ یہاں بیٹھے ہوئے کہ جن جن اسٹیٹ میں فسادات ہوئے ہیں ۔ یہ تو کمیونل رائٹ کی بات ہے ۔ لیکن ان کمیونل رائٹ کے چلتے ۔ بہت سی جگہوں پر پولیس فائرنگ کے اندر ۔ ان پر دوک پولیس فائرنگ کے اندر بھی لوگ مارے گئے ہیں ۔ تو کیا سرکار مرکزی سرکار ان تمام اسٹیٹ سے یہ معلوم کرے گی کہ جتنے لوگ مارے گئے ہیں ان میں ان کے ناموں کے ساتھ کس کس کو کمپنسیشن دیا گیا ہے ۔ کیا یہ سرکار اُن سے پوچھے گی ؟ پرشن "اے" اور دوسرے کہ اس میں جو کچھ جگہوں پر لکھا گیا ہے جیسے منی پور کے بارے میں کہہ سکتا ہوں کہ جب فسادات ہوئے تو لوگ بے گھر ہوئے وہاں پر اور ہمارے پائلٹ صاحب خود وہاں تشریف لے گئے تھے جب کہ اس میں لکھا گیا ہے کہ "انفارمیشن ناٹ اویلیبل"۔ لوگ ہوم لیس ہوئے ہیں ۔ خاص طور پر جو ایودھیا کے اندر ۶ دسمبر کو ہوا ۔ اس

†[J Transliteration in Arabic Script.

میں ایودھیا کے رہنے والے جو ایک سو کچھ گھر تھے مسلمانوں کے وہ لوگ گھر چھوڑ کر کے بھاگ گئے تھے۔ اور وہ جا کر فیض آباد کے ایک کیمپ کے اندر رہ رہے تھے۔ میں جاننا چاہتا ہوں کہ سرکار اس سلسلہ میں۔ جن اسٹیٹ نے اب تک انفارمیشن نہیں دی ہے ان اسٹیٹ سے انفارمیشن لے کر کے سبھا پٹل پر رکھے گی۔ اور یہ جانکاری حاصل کرے گی کہ کمپنسیشن ٹھیک ڈھنگ سے دیا جا رہا ہے یا نہیں دیا جا رہا ہے اور جن کو نہیں دیا گیا ہے۔ اُن کو کیوں نہیں دیا ہے۔ اس کے بارے میں کیا جانکاری حاصل کرے گی۔]

श्री राजेश पायलट : चेयरमेन सर, माननीय सदस्य ने दो पहलुओं पर सवाल पूछे हैं । एक तो यह पूछा है कि पुलिस की क्रोस-फायरिंग में कुछ लोग कुछ स्टेट में मरे हैं, उनकी फिगर भी चाहिए । यह मैं इत्तिला लेकर, सारी स्टेट गवर्नमेंट से सदन को या माननीय सदस्य को अलग से दे सकता हूं, आज इस सवाल में इस पहलू पर सूचना और इंफोरमेशन नहीं है । दूसरा सवाल, मणिपुर के बारे में और अयोध्या के बारे में माननीय सदस्य ने किया । यह बात सही है कि मणिपुर में कुछ लोग, मैं खुद वहां गया था, वहां से घर छोड़कर कुछ दिन के लिए चले गए थे, जब मैं पहुंचा, जब भी कुछ लोग वापिस आ गए थे और कुछ लोग वापिस आ रहे थे । अभी मैं कोई चार-पांच रोज पहले जब फिर गया तो मैं उनसे पूछकर आया था । उन्होंने कहा ज्यादातर लोग वापिस आ गए हैं सारे के सारे, रिहेबलिटेट करने की कोशिश की जा रही है । अयोध्या के बारे में माननीय सदस्यों की चिट्ठियां मुझे मिली थीं, जहां कई माननीय सदस्यों ने पूछा कि कई परिवार अयोध्या छोड़कर फैजाबाद या आसपास के शहरों में चल गए हैं । मैंने वह इत्तिला स्टेट गवर्नमेंट को दी थी, वहां से पूरी इत्तिला हमारे पास नहीं आई थी कि कितने परिवार वहां से छोड़कर चले गए हैं और न ही यह इत्तिला मैंने उनसे जानने की कोशिश भी की थी । लेकिन आज का सवाल जब माननीय सदस्य ने पूछा था तो मेरा विचार था कि यह बहुत आवश्यक सवाल आज देश के हालात में है और इस पर और जो मुद्दे हैं, जो सब सरकार ने कदम उठाए हैं और जो सरकार की चिंता है, उसके बारे में हम लोगों ने इसमें ध्यान देने की कोशिश की है । मैं चाहूंगा कि माननीय सदस्य उस पर ज्यादा हमसे पूछें तो हम और ज्यादा सदन को बता सकें कि देश के हालात क्या हैं, सरकार क्या कर रही है और क्या चिंता है ।

श्री मोहम्मद आफजल उर्फ भीम अफजल : सर यह बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल है और खुद वज़ीर-ए-मोसूफ ने इसका ऐतराफ किया है कि यह बड़ा अहम सवाल है आज की परिस्थिति में । मैं यह जानना चाहता हूं कि सेंट्रल गवर्नमेंट ने एक नेशनल फाउंडेशन फार कम्युनल हारमनी बनाई, उसके अलावा एक नेशनल इंटीग्रेशन काउंसिल है, इसके अलावा आपका 15 सूत्री प्रोग्राम है जिसमें काफी हिदायत मौजूद है कि किस तरह से फसादात को कंट्रोल किया जाए । लेकिन तजुर्बा यह बताता है कि सब हादसे फसादात को रोकने में या मज़लूमों को राहत पहुंचाने में उतने मददगार साबित नहीं हो सके हैं, जितना कि आप तवक्के करते थे, जितना कि देश तवक्के करता था । मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या विज़ारते दाखिल या प्राइम मिनिस्टिर आपने यहां कोई एक ऐसा सैल बनाएंगे जो बाकायदा यह देखे कि 15 सूत्री प्रोग्राम, जिसका ताल्लुक फसादात से भी है और जिसमें फसादात को रोकने का तरीका भी बताया गया है, जो कौन-कौन सी स्टेट लागू नहीं करती है, सेंट्रल गवर्नमेंट की गाइडलाईंस को फालो नहीं करती है या नेशनल फाउंडेशन फार कम्युनल हारमनी जो है, उसकी जो गाइडलाईंस दी गई हैं, उनको फालो नहीं करती है ? यह जवाब आपने मुझे इसी साल दिया है दिसम्बर के अंदर, पूरी डिटेल मेरे पास है, मैं पढ़ नहीं सकता हूं उसको बहुत अच्छी बातें लिखी गई हैं अगर उन पर काम हो और नेशनल इंटीग्रेशन काउंसिल की भी गाइडलाईंस वक्तन-फ-वक्तन जब उसकी मीटिंग होती है, मैं उसका मेम्बर हूं, वह भी कुछ न कुछ गाइडलाईंस देते रहते हैं । लेकिन उसका फालो-अप करने का क्या तरीका है ? मैं नेशनल इंटीग्रेशन काउंसिल का मैम्बर हूं, लेकिन जो हम डिसीजन्स लेते हैं, उसके बाद होम मिनिस्ट्री से बस एक उसके मिनट्स का हमारे पास रिकार्ड आता है...

†[شری محمد افضل عرف م - افضل : سر یہ بہت ہی مہتو پورن سوال ہے اور خود وزیر موصوف نے اس کا اعتراف کیا ہے کہ یہ بڑا اہم سوال ہے آج کی پرستھتی میں - میں یہ جاننا چاہتا ہوں کہ سینٹرل گورنمنٹ نے ایک نیشنل فاؤنڈیشن فار کمیونل ہارمونی بنائی اس کے علاوہ ایک

†[ ] Transliteration in Arabic Script

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

دیتے رہتے ہیں۔ لیکن اس کا فالواپ کرنے کا کیا طریقہ ہے۔ میں نیشنل انٹی گریشن کاؤنسل کا ممبر ہوں۔ لیکن ہم جو ڈسیزن لیتے ہیں۔ اس کے بعد ہوم منسٹری سے بھی ایک اس کے منٹس کا ہمارے پاس ریکارڈ آتا ہے۔ ...

MR CHAIRMAN: Please ask your question.

SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAJL : I am asking my question.

MR. CHAIRMAN: What a way of asking your question \

श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ़ मीम अफ़ज़ल : तो क्या आप एक ऐसा सेल बनाएंगे ? जो आपने हथियार इसको रोकने के लिए बना रखे हैं, जो मैं सोचता हूं कि कारगर हो सकते हैं। कोई नया कानून बनाने की जरूरत नहीं है, जो कानून पहले से मौजूद है, जो चीजें पहले से मौजूद हैं, उसको इफेक्टिव लागू करने के लिए वज़ीरे आज़म के दफ़्तर में या होम मिनिस्ट्री में कोई ऐसा सेल बनाएंगे जो इसको मानिटर कर सके और जो आपकी गाइडलाइंस को फालो न कर सकें, उनकी रिपोर्ट बाकायदा पार्लियामेंट में पेश की जाए ?

†[شری محمد افضل عرف م افضل : تو کیا آپ ایک ایسا سیل بنائیں گے جو آپ نے ہتھیار روکنے کے لئے بنا رکھے ہیں جو میں سوچتا ہوں کہ کارگر ہو سکتے ہیں کوئی نیا قانون بنانے کی ضرورت نہیں ہے۔ جو قانون پہلے سے موجود ہیں۔ جو چیزیں پہلے سے موجود ہیں اس کو افیکٹیولی لاگو کرنے کے لئے

وزیر اعظم کے دفتر میں یا ہوم منسٹری میں کوئی ایسا سیل بنائیں گے جو اس کو مانیٹر کر سکے اور جو آپ کی گائڈ لائنس کو فالو نہ کر سکیں

نیشنل انٹیگریشن کاؤنسل ہے۔ اس کے علاوہ آپ کا ۱۵ نکاتی پروگرام ہے جس میں واضح ہدایت موجود ہے کہ کس طرح سے فسادات کو کنٹرول کیا جائے۔ لیکن تجربہ یہ بتاتا ہے کہ سب ادارے فسادات کو روکنے میں یا مظلوموں کو راحت پہنچانے میں اتنے مددگار ثابت نہیں ہو سکے ہیں جتنا کہ آپ توقع کرتے ہیں۔ جتنا کہ دیش توقع کرتا تھا۔ میں یہ جاننا چاہتا ہوں کہ کیا وزارتِ داخلہ یا پرائم منسٹر اپنے یہاں کوئی ایسا سیل بنائیں گے جو باقاعدہ یہ دیکھے کہ ۱۵ نکاتی پروگرام جس کا تعلق فسادات سے بھی ہے اور جس میں فسادات کو روکنے کا طریقہ بھی بتایا گیا ہے۔ کون کون سی اسٹیٹ لاگو نہیں کرتی ہے سینٹرل گورنمنٹ کی گائڈ لائنس کو فالو نہیں کرتی ہے یا نیشنل فاؤنڈیشن فار کمیونل ہارمنی جو ہے اس کی جو گائڈ لائنس دی گئی ہے اُن کو فالو نہیں کرتی ہے۔

یہ جواب آپ نے مجھے اسی سال دیا ہے۔ دسمبر کے اندر پوری ڈٹیل میرے پاس ہے۔ میں پڑھ نہیں سکتا ہوں اسکو۔ اس میں بہت اچھی باتیں لکھی گئی ہیں۔ اگر ان پر کام ہو اور نیشنل انٹی گریشن کاؤنسل کی بھی گائڈ لائنس وقتاً فوقتاً جب اس کی میٹنگ ہوتی ہے۔ میں اس کا ممبر ہوں۔ وہ بھی کچھ نہ کچھ گائڈ لائنس

†[ ] Transliteration in Arabic Script

اُن کی رپورٹ باقاعدہ پارلیمنٹ میں پیش کی جائے۔

SHRI RAJESH PILOT: Sir, for a long time the Central Government has been taking the initiative to curb communal forces in different ways.

और जैसा अभी माननीय सदस्य ने कहा कि नेशनल इंटीग्रेशन काउंसिल और नेशनल फाउंडेशन फार कम्युनल हारमनी, ये सब इसलिए सोचे गए कि इनके द्वारा जो गाइडलाइंस, यह बात भी कहीं तक सही है कि गाइडलाइंस तो बनती है लेकिन इम्प्लीमेंट उस रूप में, उस भावना में नहीं हो पाता । यह बात सच है कि सरकार का चाहे 15 सूत्री प्रोग्राम हो या दूसरे प्रोग्राम हों, स्टेट गवर्नमेंट को जो भावना केन्द्रीय सरकार या हाउस की तरफ से जाती है, वह भावना उस रूप में नहीं इम्प्लीमेंट हो पा रही । इससे हम सहमत हैं और इसलिए हमने कई कदम उठाए हैं । प्रधान मंत्री ने जब मीटिंग की थी नेशनल इंटीग्रेशन काउंसिल की, तब भी 15 प्वाइंट के प्रोग्राम पर इनसिस्ट किया और नेशनल इंटीग्रेशन काउंसिल में भी यह जिक्र किया कि जो हमने नेशनल फाउंडेशन फार कम्युनल हारमनी की है, जून, 1992 की बात है, इस पर हम जोर दें और इसकी गाइडलाइंस को इम्प्लीमेंट करें तो कम्युनल हारमनी में हमें काफी सफलता मिलेगी ।

जहां तक सैल की बात है, इस वक्त दोनों मिनिस्ट्रियों से मिनिस्ट्री आफ वेलफेयर, होम मिनिस्ट्री न मॉनिटर करती है, मैंने खुद भी सारे मुख्य मंत्रियों को डी०जी०पी० की कॉन्फ्रेंस जब हुई दिल्ली में, तो सारे डायरेक्टर जनरल आफ पुलिस को मैंने कहा कि हमारी पुलिस फोर्सिस कम्योजिट फोर्स होनी चाहिए और उसमें रिप्रेजेंटेशन इस हिसाब से रहे कि वे फोर्सिस जिस काम के लिए लगाई गई हैं, उस काम को पूरा कर सकें । इस पर हमने बहुत जोर दिया, राइटिंग में भी और अपनी डिस्कशन में भी । जहां तक सैल की बात है, जैसा आप माननीय सदस्य ने कहा, हम आपस में इस पर जरूर जिक्र करेंगे और अगर इससे कुछ और सहूलियत मिल सके तो इसे जरूर लागू करेंगे ।

SHRI SUKOMAL SEN: Sir, the statement made by the hon. Minister shows what lackadaisical style the Government maintains on the information about communal riots. The Government has no system of monitoring riots which took place. Sir, no information has been made available in this statement about the Stale of Uttar Pradesh, ihe biggest State in the country which has faced communal upheaval after the demolition of Babri mosque. First of all. I would suggest to the Home Minister that there should be some sort of monitoring of information on riots so that information on persons skilled, thrown out of houses and become handicapped, could be kept and Parliament could be made aware of the victims. Now, I would like to put my question. Sir, after the incidents took place, particularly the Babri mosque incident, the Government promised that persons who were killed in the communal riots, whether II indus or Muslims or anybody, would be provided financial compensation. The Prime Minister also announced the quantum of compensation. I would like to know from the hon. Minister whether the Government has got any figures of the people who were killed and whether their kith and kin have been provided financial compensation or not. If so, how many people have been provided financial compensation? I would also like to .know what the total amount spent for that is. Secondly, how many people were thrown out from their habitation ? How many houses were burnt ? How many houses were looted ? How many persons have been rehabilitated ? What has the Government done for their rehabilitation? What has the State Government done for their rehabilitation ? How far has the State Government monitored the situation ? How far has the Central Government provided funds for that?

SHRI RAJESH PILOT: Sir, I totally agree with him that monitoring of communal riots is not being done to the level. I totally agree with him. He will also appreciate under what conditions we worked. When the State Government which gave an assurance to the highest Court of the land, the State Government which gave an assurance to the Prime Minister of this country, could not keep their word, could not keep their writing how do you expect us to get figures from them ? You must appreciate our functioning. *(interruptions).*

SHRI SUKOMAL SEN: Uttar Pradesh is under President's rule. You are responsible for that. *(Interruptions).*

SHRI RAJESH PILOT: I am coming to that part of the question. I am answering your first question when you said that we could so. monitor the communal riots. *(Irtermptions).* We could not monitor the communal riots due to the circumstances under which we worked. *(Interruptions)*

MR. CHAIRMAN: Let him answer the whole question. *(Interruptions).*

SHRI RAJESH PILOT: I am answering the first part of his question. *(Interruptions).*

MR. CHAIRMAN : You must listen to the answer first.

SHRI RAJESH PILOT: I am answering the first part of this question. Under what conditions, under what atmosphere, under what prevailing situation the Government was working? You must appreciate the background. How do you expect the Government to give the correct figures of communal riots when they could not keep their word which was given to the highest Court of this country? How do you expect the Government to give the correct figures of communal riots ? Then he asked, How much money is spent on the relief work ?" Sir, Rs. 53 crores have been distributed. Rs. 53 crores have gone to the system which could have been easily avoided, which could have easily gone to the betterment of the poor and poverty-stricken people. But this money was paid to the relatives of those people who had been victims of some particular sense prevailing in this country. With these Rs. 53 crores you could have given roads to at least 530 villages. But this amount has gone to the riot victims because of some conditions prevailing in the country. As far as UP is concerned, UP has paid Rs. 589 lakhs to the riot victims. Out of Rs. 589 lakhs, Rs. 334 lakhs were paid to the relatives of those who were killed in the riots and Rs. 6 lakhs were paid to the injured. This amount was given by the UP Gavernmeny *As* far as relief to the whole country is concerned, we had to pay Rs, 53 crores to the riot victims.

श्री लालश्वीराम अग्रवाल : सभापति महोदय, मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश में जो दंगाई मारे गए, उनको कितना मुआवजा मिला और प्रत्येक व्यक्ति को कितनी सहायता दी गई और दंगों को रोकते हुए जो सुरक्षा बल के लोग मारे गए, उनको कितनी सहायता दी गई ?

SHRI RAJESH PILOT: Sir, as far as Madhya Pradesh is concerned, the State Government has communicated that its decision to pay Rs. 2 lakhs was accepted by them. But the information about how much it has paid and to how many people is not available with us because.. (Interruptons).

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी : सवाल यह किया गया है कि जो दंगाई थे, उनको कितना कम्पंसेसन दिया गया है । तो दंगाईयों को किस बुनियाद पर यह इनाम दे दिया गया है ? क्या दंगाईयों को भी कम्पंसेसन दिया जाता है ? यह क्या है ?

†[مولانا عبیداللہ خاں اعظمی : سوال یہ کیا گیا ہے کہ جو دنگائی تھے اُن کو کتنا کمپنشیشن دیا جاتا ہے ۔ تو دنگائیوں کو کس بنیاد پر یہ انعام دیا گیا ہے ۔ کیا دنگائیوں کو کمپنشیشن دیا جاتا ہے ۔ یہ کیا ہے ؟]

SHRI RAJESH PILOT: Sir, I have the figures relating to Madhya Pradesh. As for the money that has been disbursed so far, it is Rs. 609.48 lakhs; Rs. 319.48 lakhs have been disbursed to the families of those killed and Rs. 4.% lakhs have been paid to the injured. And as far as the second part of the question is concerned, I don't think this Government will ever pay to the *dangais.* He has asked about paramilitary forces and not about *dangais. ...(Interruptions)*

SHRI PRAMOD MAHAJAN : When people were killed in police firing, did the Government give money to the family members of these victims also ? *(Interruptions)* In the communal riots, there is also police firing ...*(Intemiptions)*

श्री विष्णु कान्त शास्त्री : सुरक्षाकर्मी को क्या मिला, यह भी बतलाइए ?....(व्यवधान)

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी : सवाल को उठाकर देखिए । ....(व्यवधान) जो सुरक्षा बल दंगों में मारे गए, उनको कितना कम्पंसेसन दिया गया ?....(व्यवधान)

†[مولانا عبیداللہ خاں اعظمی : سوال کو اٹھا کر دیکھئے . . . . "مداخلت" . . . جو سرکاری دنگوں میں مارے گئے اُن کو کتنا کمپنشیسن دیا گیا ۔ . . ."مداخلت" . . .]

MR. CHAIRMAN : Now allow the Minister to answer the question. If all of you stand on your legs, how can the Minister reply ? You have made your points ...*(Interruptions)*

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी : मि० होम मिनिस्टर, सवाल यह है कि जिन लोगों ने मध्य प्रदेश में दंगा कराया, उनको कितना-कितना कम्पंसेशन मिला और जो सुरक्षा बल दंगों में मारे गए, उनको कितना-कितना मिला ?....**(व्यवधान)** आज हमको यह मालूम करके पार्लियामेंट में बड़ा ताज्जुब हो रहा है कि जो लोग दंगे में मारे जाते हैं उनको तो कम्पंसेशन दिया ही जाता है, मगर जो दंगा करवाते हैं उनको भी कम्पंसेशन दिया जाता है । यह बताइए कि दंगा करवाने वाले दंगाईयों को सरकार ने कितना कम्पंसेशन दिया ?

†[ ] मौलाना عبید اللہ خاں اعظمی : مسٹر ہوم منسٹر، سوال یہ ہے کہ جن لوگوں نے مدھیہ پردیش میں دنگا کرایا۔ اُن کو کتنا کتنا کمپنشیسن ملا اور سرکشا بل دنگوں میں مارے گئے۔ اُن کو کتنا کتنا ملا . . . . "مداخلت" آج ہم کو یہ معلوم کرکے پارلیمنٹ میں بڑا تعجب ہو رہا ہے کہ جو لوگ دنگے میں مارے جاتے ہیں اُن کو تو کمپنشیسن دیا ہی جاتا ہے مگر جو دنگا کرواتے ہیں اُن کو بھی کمپنشیسن دیا جاتا ہے۔ یہ بتائیے کہ دنگا کروانے والے دنگائیوں کو سرکار نے کتنا کمپنشیسن دیا۔]†

श्री राजेश पायलट : दंगा करने वालों को कोई कम्पंसेशन नहीं दिया जाता है । सरकार की ऐसी कोई नीति नहीं है कि दंगा कराने वालों को कोई कम्पंसेशन दिया जाए । दंगा करने वालों को तो सजा दी जाती है । लेकिन जो दूसरा सवाल पैरा मिलेट्री फोर्स के बारे में माननीय सदस्य ने पूछा है, उनके लिए भी हमने सिफारिश की है कि उनको भी कम्पंसेशन उसी रूप में दिया जाए ।

SHRI PRAMOD MAHAJAN : Money has been *paid..(Intemtprions)* I am warning you: you will correct your answer tomorrow..*(Intemtprions)*

MR. CHAIRMAN: Will you please sit down? *(Interruptions)*

†[ ]Transliteration in Arabic Script.

श्री बलवीर सिंह : मंत्री जी बता रहे हैं कि दंगा करने वालों को सजा दी जाती है । तो सन् 1984 में जिन लोगों ने दंगा किया, तो उन लोगों को क्या सजा दी गई ? इसमें मिनिस्टर साहब कहते हैं कि हम उनका लीगल आस्पेक्ट कर रहे हैं ।....**(व्यवधान)**

MR. CHAIRMAN : I will give you a chance (*Interruptions).* . You please sit down *(Interruptions).*

श्री भूपेन्द्र सिंह मान : वह पूछ रहे हैं कि मंत्री जी ने कहा है कि दंगाकारियों को सजा दी जाती है, तो फिर 1984 में दंगा करने वालों को सजा ही नहीं दी गई ।....**(व्यवधान)** उनको जवाब देने दीजिए ।

MR. CHAIRMAN : At this rate, nobody will get a chance and the time will be over. There is a way of asking questions. Shri Chaturanan Mishra.

श्री चतुरानन मिश्र : अध्यक्ष महोदय, मेरा यह ख्याल था कि हमारे मंत्री महोदय नौजवान हैं और अच्छे ढंग से मॉनिटरिंग करेंगे । लेकिन इसमें हम देख रहे हैं कि मंत्री महोदय, 'नॉट एवेलेबिल' का ही मॉनिटरिंग कर रहे हैं । कितने आदमी हैंडिकैप्ड हुए, कितने आदमी होमलैस हुए, सब में एन० ए०, एन० ए०, एन० ए० करके भरा हुआ है । तो ऐसा लगता है कि "नॉट एवेलेबिल" को ही आप मॉनिटरिंग कर रहे हैं । यह बड़ी दुखद बात है । दूसरी बात, मैं दो बिन्दुओं पर सफाई चाहूंगा । एक बात यह है कि कुछ लोग यह घोषणा कर रहे हैं और मैंने भी जाकर देखा तथ्य इसमें तथ्य भी है कि अयोध्या के पांच किलो मीटर रेडियस में किसी मुसलमान को नहीं रहने दिया जाएगा और वहां मस्जिद वगैरह भी नहीं रहेगी । तो यह हम जानना चाहते हैं कि क्योंकि उन पर बहुत हमला हुआ है, प्रकाश में इतना ही है कि बाबरी मस्जिद पर हमला हुआ है, लेकिन वहां के मुसलमानों के 259 हाउसेज़ अपरूट किए गए हैं....**(व्यवधान)**

श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ भीम अफ़ज़ल : 19 मस्जिदें भी गिराई गई हैं.....**(व्यवधान)**

MR. CHAIRMAN : Please..*(Interruptions)*...

श्री चतुरानन मिश्र : हां, मस्जिदें भी गिराई गई । जब इनका टाइम आया तो मस्जिद के बारे में पूछा ही नहीं । अब बाइमण ही पूछता है । मस्जिद भी गिराया गया, यह चीज आपको कह देते हैं.....**(व्यवधान)**

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: When has a Communist become a Brahmin?... *(Interruptions)....*

SHRI CHATURANAN MISHRA: I cannot change ray parentage. I was bom in that family. If you are not born in that family I have nothing

to *say...(Interruptions)*...There are some people who are changing history and also the parentage..//«//rn//?//«m;(.....

कि अयोध्या के 5 किलोमीटर के रेडियस में मुसलमानों को नहीं रहने देने का बहुत लोग घोषणा कर रहे हैं, मैं समझता हूं हमारे बी० जे० पी० के भाई सुन रहे होंगे....(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : यह तो बताइए कि किसने कहा....(व्यवधान)

श्री चतुरानन मि०. : सभापति महोदय, हिन्दी में एक कहावत है कि "चोर की दाढ़ी में तिनका"...

The guilty mind is always suspicious.

अध्यक्ष महोदय, उस प्रेज में यह नहीं है कि एक ही चोर की दाढ़ी में तिनका है बल्कि दो तीन, चार भी हो सकते हैं....(व्यवधान)

मेरा प्रश्न यह है कि ज्यादातर दंगा जो हो रहा है वह राजनीतिक कारणों से आर्गनाइज किया जा रहा है और इंटेलिजेंस का फेल्योर रहता है । एक फेल्योर तो यह है कि इंटेलिजेंस समय पर रिपोर्ट नहीं करती । दूसरी फेल्योर यह है कि रिपोर्ट करने पर भी प्रशासन चौकन्ना होकर काम नहीं करता । इन दो बिन्दुओं पर मैं चाहता हूं कि अभी तक जितनी सरकारों ने जो कुछ किया है, इनके अलावा नई बात आप क्या करने जा रहे हैं ताकि इंटेलिजेंस समय पर रिपोर्ट दे दे और प्रशासन समय पर काम करे ? इसके लिए जो अभी तक नहीं किया गया है अब आप क्या नया करने जा रहे हैं । यही मत दोहराइए कि 15 प्वॉइंट था, यह मत बताइए ।

श्री राजेश पायलट : सभापति महोदय, जैसा माननीय सदस्य ने कहा कि नॉन अवेलेबल या निल, इसमें हमारी गलती रही है, हम स्टेट गवर्नमेंट्स से अगली बार पूरी खबर लेकर सदन को देंगे । इसके लिए मैंने पहले ही अपनी गलती मानी है ।

दूसरी बात आपने कही कि अयोध्या की आसपास के 5 गांव या 5 जिलों में ऐसी हवा फैला रखी है कि कोई मुसलमान भाई नहीं रह पाएगा, यह हवा कोई फैला सकता है, मैं यह नहीं कह सकता कि कोई नहीं फैला सकता । अगर आप देखें पहली जून 1991 से नवंबर 1992 तक देश में क्या हालत कम्यूनल रॉयट्स की है, मेरे पास फिगर्स हैं कि 12 स्टेट्स को कम्यूनल सेंसिटिव गिना जाता था । 25 में से और जितनी भी रॉयट्स इस दौरान हुए हैं, जो फिगर्स मेरे विभाग ने दिए हैं इन दोनों को भी जोड़ लूं तो 188 के करीब मौतें हुई हैं । एक जून 1991 से नवंबर 1992 तक एक ऐसा माहौल था कि कम्यूनल रॉयट्स होते थे, कुछ इलाके कम्यूनल सेंसिटिव थे, इसमें कोई दो राये नहीं हैं, लेकिन कंट्रोलेबल रहते थे । कुछ बातें होती थीं, सरकार कार्यवाही कर के उनको काबू कर लिया करती थी । लेकिन नवंबर 1992 और उसके बाद मार्च तक का ही आप हिसाब ले लें वहां पर जो हेप्पन हुई है दिसंबर 1992 से जनवरी 1993 तक का आप देख लीजिए कि कम्यूनल वायलेंस की कितनी सेंस बढ़ी । प्रमोद महाजन जी जिक्र कर रहे थे, इनकी अपनी स्टेट में इन दो तीन महीनों में 841 कम्यूनल रॉयट्स में मारे गए ।

SHRI PRAMOD MAHAJAN: You talk about Maharashtra, about Gujarat...*(Interruptions)*. ...*We* are the toppers. *(Interruptions)*...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: What is this. Sir ?...*(Interruptions)*...

Mr. Chairman. Sir, if Question Hour is misused like this. I don't know why this is needed.

SHRI RAJESH PILOT: Mr. Chairman. Sir. what I wanted to say was after December. 1992. communal violence prevailing in the country was so strong that it became more intensified. You have asked the second question : What are you doing about it ? This is the second part of your question about intelligence functioning and co-ordination. I have accepted that. Mr. Chairman. Sir, earlier also that co-ordination between the State Governments and the intelligence agencies should be more effective, more cohesive so that it could be an action-oriented programme We have written to all our Chief Ministers, all our Directors-General of Police that every Monday, the district administration represented by the DM, the SP and an intelligence officer from a Central agency should sit together, discuss the situation in the district. Similarly, at the IG's level, it should be every 15 days, at DG's level every one month so that we can monitor what is happening through all our agencies.

We have also requested the Chief Ministers, please send us your reports once in two months or once in three months so that we can also feel that co-ordination between the intelligence agencies and the administration is going on. But let me inform this House that all these are secondary efforts, all these are administrative efforts. The first effort should be to change the feeling in the country.

जब तक हम जोर लगाकर भावना से मजबूत नहीं करेंगे, और लोगों में कम्यूनल भावना बढ़ाते रहेंगे तबतक कितने ही एफर्टस लगायें, कितनी ही प्रशासनिक कोशिश करें उतनी सफलता नहीं मिलेगी जितनी हम सब उम्मीद कर रहे हैं ।

श्री चतुरानन मिश्र : उन लोगों को अयोध्या के पास रहने की गारन्टी करते हैं ?

श्री राजेश पायलट : अगर किसी ने यह हवा फैलाई है तो हम यह नहीं होने देंगे ।

श्री अलगीर सिंह : मंत्री जी ने अपने जवाब में यह कहा है कि ला एंड आर्डर स्टेट्स की प्राथमिकता है । मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि 1984 के रॉयट्स में कौन सी सरकार थी और किस स्टेट से रिपोर्ट की इंतजार कर रहे हैं ? दूसरा सवाल यह है कि मंत्री जी ने लोक सभा में दो दिन पहले कहा है कि जैन-बैनर्जी कमीशन जो रायट्स प्रोब कर रहा था उसकी एक्सटेंशन के लिए तीगरा आसपेक्ट्स एक्जामिन कर रहे हैं और उसकी रिपोर्ट ले करने के लिए भी तीगरा आसपेक्ट्स एक्जामिन कर रहे हैं । 9 साल हुए दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई । मुझे उनकी नीयत पर शक होता है । मैं उनसे यह पूछना चाहता हूं अब इन दोषियों को कब तक सजा दिलवायेंगे और कमीशन की टर्म्स को क्या आप एक्सटेंड कर रहे हैं और उसकी रिपोर्ट को हाउस में टेबल पर ले करेंगे या नहीं ?

श्री राजेश पायलट : सभापति महोदय, मैंने, दूसरे हाउस में जब सवाल उठा था तो जवाब दिया था कि कुछ एक्शन हुआ है । लेकिन हम उसको प्रोजेक्ट नहीं कर पाये । उनको हम बता नहीं पाये । यह हमारी कमी थी, हमारे विभाग की कमी थी । जो एक्शन हमने लिये वह भी जनता तक नहीं पहुंच पाये । मैंने आश्वासन दिया है, दूसरे हाउस में भी कहा है कि जैन-बैनर्जी कमेटी की रिपोर्ट आ गई है, कोई भी व्यक्ति हो, किसी पार्टी से सम्बन्धित हो, कहीं भी हो, चाहे किसी भी विभाग में हो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी जो 1984 के रॉयट्स में हुआ है ।

मैंने यह भी कहा है कि अभी टाइम नहीं है लेकिन अगली बार जब सदन मिलेगा उससे पहले मैं पूरी रिपोर्ट सदन के सामने लेकर आऊंगा, कौन-कौन दोषी पाये गये हैं, किस रिपोर्ट में दोषी पाये गये हैं, सरकार उनके खिलाफ क्या कार्रवाई करेगी ये सब बातें मैं दोनों सदनों को बता कर रहूंगा । इसमें कोई चीज छिपाने की बात नहीं है । इसमें कोई नरमी नहीं बरतेंगे । माननीय सदस्य की यह भावना गलत है कि इसमें ढील बरती जायेगी । मैं बताना चाहता हूं कि हम उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे । यह मैंने उस सदन में भी आश्वासन दिया है ।

श्री एस० एस० अहलुवालिया : चेयरमैन साहब, मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि कब आप इन दंगाइयों पर प्युनिटिव टैक्स लगायेंगे ? क्योंकि टेरोरिस्ट जब कोई आतंकवाद के माध्यम से किसी को मार देता है तो उसकी प्रोपर्टी अटैच कर ली जाती है और जब दंगाई समाज में ऐसा विषाक्त माहौल बनाकर साम्प्रदायिक दंगे कराते हैं तो उन पर प्युनिटिव टैक्स सरकार लगा रही है या नहीं लगा रही है यह मैं जानना चाहता हूं । दूसरे, मैं यह जानना चाहता हूं कि दंगे में बहुत लोग मारे जाते हैं किन्तु देखा जाता है कि कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक और कच्छ से लेकर कोहिमा तक हमारे भारतवासियों की कीमत मरने के बाद कहीं कम हो जाती है, कहीं बेशी हो जाती है । एक यूनिफार्म कम्पेंसेशन होना चाहिए । लेकिन कहीं 20 हजार मिलता है, कहीं 10 हजार मिलता है और कहीं एक लाख दिया जाता है । यह पार्टिकुलर कम्युनिटी के पोलिटिकल वेट के हिसाब से तोला जाता है । ऐसा नहीं करना चाहिए । दंगे में मारे गये हर भारतवासी की जो कम्पेंसेशन हो वह पूरे भारत में एक होनी चाहिए । उसके बारे में आप कब विचार करेंगे ?

श्री विष्णु कान्त शास्त्री : मेघालय में 5 हजार रुपये दिये जाते हैं । जैकब साहब इस बात को जानते हैं । (व्यवधान)

श्री राजेश पायलट : सभापति महोदय, यह बात सही है, जैसा माननीय सदस्य ने कहा, जो भी भाई और बहन कम्यूनल रायट्स में मारे जाये उसका स्टेटवाइज अलग अलग कम्पेंसेशन नहीं होना चाहिए । इसी बेस पर हमने होम मिनिस्ट्री की तरफ से सारे मुख्य मंत्रियों को लिखा है कि इस संबंध में एक यूनिफार्म पालिसी होनी चाहिए । जो भी कम्पेंसेशन दिया जाय, किसी भी स्टेट का हो, यूनिफार्म होना चाहिए । हिन्दुस्तान के हर नागरिक की जान सब के लिए बराबर है । कुछ स्टेटों ने रेस्पोन्ड कर दिया है । मैं परसनली इसको मोनिटर कर रहा हूं । मुझे पूरी उम्मीद है कि हम सारी सरकारों को एक लाइन पर ला सकेंगे कि कम्पेंसेशन सब को एक रूप में दिया जाय । दूसरी बात माननीय सदस्य ने कही कि प्युनिटिव टैक्स कम्यूनल रायट्स पर लगे । सरकार की यह कोशिश है और सरकार कोशिश कर रही है कि एक बिल रिलीजन नाट मिसयूज इन पोलिटिक्स, ऐसा कदम उठाया जा रहा है । एक रेपिड एक्शन फोर्स भी बनाई है और दूसरे कदम भी उठाये हैं और इसलिए उठाये हैं कि किसी न किसी रूप में जो लोग इसमें इंवोल्व होते हैं उन पर सख्त कार्यवाही हो और उनको सख्ती नजर भी आये कि सरकार उनको आसानी से नहीं छोड़ेगी । सरकार उनके खिलाफ कार्यवाही करेगी । इस वक्त यही कदम सरकार की तरफ से उठाया जा सकता है ।

Changing the length of metre gauge railway lines into broad gauge

*302 SHRI MOHINDAR SINGH KALYAN : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the total length of metre gauge railway lines proposed to be changed into broad gauge lines during the Eighth Five Year Plan period; and

(b) the details of metre gauge railway lines to be changed into broad gauge lines in the State of Punjab during the said plan?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA): (a) About 6,000 kms.

(b) Punjab had only 102 kms of MG section